रिमारी के पास ट्रक ने अधेड़ को कुचला, परिजनों ने लगाया जाम

आक्रोशित लोगों ने की ट्रक में तोड़फोड़, आरोपी चालक गिरफ्तार, तीन घंटे तक बंद रहा मार्ग

नवभारत न्यूज

रीवा, 13 जुलाई, शहर के चोरहटा थाना अन्तर्गत रीवा-मुकुन्दपुर मार्ग में रिमारी के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने सुबह 11 बजे मोटर साइकल सवार को ठोकर मार दी और एक अधेड़ को कुचल दिया. जिसके बाद आक्रोशित स्थानीय लोगो ने ट्रक चालक को पकड़ कर धुनाई की और ट्रक में जमकर तोड़फोड़ की. इसके बाद सड़क पर जाम लगा दिया.

मौके पर चोरहटा एवं सिविल लाइन पुलिस पहुंची, समझाइश के दो घंटे बाद दोपहर 2.30 बजे जाम खोला गया. परिजन कार्यवाही की मांग पर अड़े थे. घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि ग्राम बेलहा तमरा निवासी गंगा प्रसाद साहू आज सुबह मोटर साइकिल से रीवा की ओर आ रहे थे तभी गोविंदगढ़ की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ठोकर मार दी. जिसके बाद गंगा प्रसाद चालक को पकड़ने ट्रक में चढ़ गये. लेकिन आरोपी चालक ने ट्रक को नही रोका. काफी दूर तक मृतक और चालक के बीच हाथापाई होती रही. इसी दौरान सामने से एक ट्रक आ गया तो आरोपी चालक ने ट्रक को सटा दिया. जिससे गंगा साहू नीचे गिरे और ऊपर से ट्रक चढ़ गया, मौके पर ही मौत हो गई. पहले से ही पीछा कर रहे स्थानीय लोगो ने ट्रक चालक को पकड़ कर जमकर धुनाई कर दी और ट्रक में भी तोड़फोड़ की. इसके बाद सड़क पर शव रखकर परिजन और स्थानीय ग्रामीण धरने पर बैठ गये. दोपहर ढ़ाई बजे तक सड़क पर जाम लगाकर परिजन बैठे रहे. चोरहटा थाना प्रभारी पवन शुक्ला समझाते रहे. इसके बाद सिविल लाइन पुलिस का बल भी पहुंचा और मृतक के दोनो बेटों को कार्यवाही का आश्वासन देते हुए समझाइश दी गई. लेकिन बेटों का कहना था कि आरोपी चालक और ट्रक को उनके सामने लाया जाय. शव को एम्बुलेंस में रखने के बाद जैसे ही गाड़ी आगे बढ़ी दोनो बेटों ने रोक लिया. किसी तरह समझाइश के बाद मामला शांत हुआ और शव को संजय गांधी अस्पताल भेजा गया. वही चालक को पकड़ कर थाने ले जाया गया, जहा प्रकरण दर्ज किया गया.

आरोपी चालक गिरफ्तार : शुक्ला

थाना प्रभारी चोरहटा पवन शुक्ला ने बताया कि आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है . साथ ही शव को पीएम के लिये संजय गांधी अस्पताल भेजा गया है . तीन घंटे तक जाम लगा रहा, समझाइश के बाद परिजन मान गये . आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर ट्रक को जप्त किया गया है .

एम्बुलेंस के आगे खड़ा हो गया बेटा

पुलिस जैसे ही शव लेकर एम्बुलेंस से रवाना हुई, उसी समय मृतक का बेटा एम्बुलेंस के आगे खड़ा हो गया . जिसके बाद एम्बुलेंस रूक गई . दोनो बेटों को समझाइश देने के बाद प्रकरण दर्ज के लिये थाने लेकर रवाना हुई .

दोषी पूर्व सरपंच और सचिवों को भेजा जाएगा जेल

नवभारत न्यूज

रीवा, 13 जुलाई, जिला पंचायत के सीईओ मेहताब सिंह गुर्जर ने पुलिस अधीक्षक रीवा से 11 ग्राम पंचायतों के वित्तीय अनियमितता और गबन के दोषी पाए गए पूर्व सरपंच तथा सचिवों को जेल भेजने का अनुरोध किया है.

सीईओ ने कहा है कि आरोपी व्यक्तियों पर निर्माण कार्यों की गबन की गई राशि की वसूली के लिए कार्यवाही की गई. राशि जमा न करने पर इनके विरूद्ध धारा 92 (2) के तहत वारण्ट जारी करते हुए संबंधित धाना प्रभारियों से दोषियों को सेंट्रल जेल रीवा में सुपुर्द करने के निर्देश दिए गए थे. थाना प्रभारियों द्वारा वारंट की तामीली और दोषियों को सेंट्रल जेल में सुपुर्द करने के संबंध में की गई कार्यवाही से अवगत नहीं कराया गया है. संबंधित थाना प्रभारियों को निर्दिष्ट करते हुए दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें. मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने इस संबंध में बताया कि जनपद पंचायत रीवा की ग्राम पंचायत भोलगढ़ की पूर्व सरपंच श्रीमती सविता साकेत, सिरमौर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बुसौल के पूर्व सरपंच संतोष तिवारी तथा सदहना ग्राम पंचायत के पूर्व सचिव संतोष सिंह के विरूद्ध कार्यवाही का अनुरोध किया गया है. जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान की ग्राम पंचायत जोगिनहाई के पूर्व सरपंच औसरी कोल तथा पूर्व सचिव धीरज सिंह, ग्राम पंचायत बुढ़िया की पूर्व सरपंच श्रीमती उमा सिंह तथा पूर्व सचिव लव कुमार शर्मा और ग्राम पंचायत पलिया 351 के पूर्व सरपंच विष्णु प्रसाद कोल के विरूद्ध वारंट जारी किया गया है. जनपद पंचायत जवा की ग्राम पंचायत अकौरी की पूर्व सरपंच श्रीमती ललिता देवी तथा प्रोपराइटर अवधेश सिंह ट्रेडर्स जवा और हरदोली ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच रमेश कुमार के विरूद्ध वारंट जारी किया गया है.

सरपंच-सचिव पर भ्रष्टाचार का आरोप

रीवा जिले के जनपद पंचायत गंगेव अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरवार एक बार फिर सुर्खियों में है . ग्रामीणों ने पंचायत के सरपंच एवं सचिव पर विभिन्न विकास कार्यों और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में कथित भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाए हैं . मामले को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है .ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में कराए गए कई विकास कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी की गई है, कई कार्यों में अनियमितता की गई है .

उप मुख्यमंत्री कल आएंगे रीवा, विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

नवभारत न्यूज

रीवा, 13 जुलाई, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 14 जुलाई को भोपाल से रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन से रात 9.55 बजे प्रस्थान कर 15 जुलाई को सुबह 8 बजे रीवा पहुंचेंगे.

उप मुख्यमंत्री सुबह 11 बजे रेडक्रास भवन झिरिया रीवा में आयोजित समारोह में नवीनीकृत कृत्रिम अंग निर्माण इकाई का लोकार्पण करेंगे तथा दिव्यांगों को कृत्रिम अंग वितरित करेंगे. उप मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे रीवा से प्रस्थान कर दोपहर एक बजे हिनौती गौधाम पहुंचकर बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे. उप मुख्यमंत्री हिनौती गौधाम में नंदनी गोशेड तथा प्राकृतिक खेती पर आधारित बायो इनपुट प्लांट का लोकार्पण करेंगे एवं किसान संगोष्ठी में शामिल होंगे. उप मुख्यमंत्री दोपहर 3 बजे हिनौती गौधाम से कार द्वारा प्रस्थान कर शहडोल पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे. उप मुख्यमंत्री 16 जुलाई को शहडोल जिले में दोपहर 2 बजे ग्राम पंचायत खैरहा पहुंचकर विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे. उप मुख्यमंत्री दोपहर बाद 4.30 बजे होटल सूर्या में आयोजित पत्रकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में शामिल होंगे. उप मुख्यमंत्री शाम 5.30 बजे शहडोल से प्रस्थान कर रात 9.30 बजे रीवा पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे.

बैकुंठपुर में बैट्री चोर गिरोह सक्रिय

नवभारत न्यूज

रीवा, 13 जुलाई, रीवा जिले के बैकुंठपुर नगर के वार्ड क्रमांक 2 में इन दिनों एक बैट्री चोर का आतंक है.

ट्रैक्टर सहित अन्य वाहनों से चोरी करते शातिर चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है. बताया गया है कि बीती रात आशीष ट्रेडर्स के घर के सामने खड़े ट्रैक्टर से बैटरी चोरी नकाबपोश चोर ने बैट्री चोरी की वारदात की.वही दुकान के सामने खड़े दूसरे ट्रैक्टर को भी चोर ने निशाना बनाया बक्से में रखे बैटरी बॉक्स को तोड़ा गया यह पूरी घटना दुकान संचालक में सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से देखा गया घटना बीती रात्रि 12 की है. सीसीटीवी में दिख रहा चोर हाफ चड्डा, चप्पल और चेहरे में कपड़ा बांधकर बड़े आराम से बैटरी चोरी कर फरार हो गया, स्थानीय लोग परेशान है.

संक्षिप्त

प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन आज

रीवा, प्राचार्य शासकीय संभागीय आईटीआई रीवा ने बताया कि 14 जुलाई 2026 को प्रात: 10 बजे से ट्रेनी के पद के लिए हीरो मोटोकार्प लिमिटेड, हालोल गुजरात के द्वारा पुरूष प्रशिक्षार्णियों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है . उन्होंने बताया कि इस अवसर पर फिटर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, टर्नर, मशीनिष्ट, वेल्डर, इलेक्ट्राशियन टूल एण्ड ड्राइमेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग आपरेटर सीओई आटो मोबाइल, ट्रेक्टर मैकेनिक, वायरमैन, सीट मेटल एण्ड पेंटर जनरल के पासआउट एवं 2026 के फाइनल परीक्षा में शामिल होने वाले आवेदक इस प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल हो सकते हैं . इसके लिए उम्र 18 से 26 वर्ष एवं आईटीआई पासआउट आवेदक अपने दस्तावेज सहित शामिल हो सकते हैं .

कमिश्नर रीवा जिले की समीक्षा करेंगे कल

रीवा, रीवा संभाग के कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह 15 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में रीवा जिले के विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे . बैठक में कानून और व्यवस्था, एनकॉर्ड समिति की बैठकों के आयोजन, साइबर अपराध रोकने के लिए चलाए जा रहे जागरूकता अभियान तथा नशे के विरूद्ध अभियान की समीक्षा की जाएगी . बैठक में सड़क दुर्घटना रोकने के प्रबंधों, यातायात प्रबंधन, राहवीर योजना तथा पीएम राहत योजना की समीक्षा की जाएगी . बैठक में ग्रामीण विकास विभाग के तहत वीबी जीराम जी योजना, धरती आबा योजना, एक बगिया माँ के नाम, ग्रामीण आजीविका मिशन, जल गंगा संवर्धन अभियान तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यों की समीक्षा की जाएगी . बैठक में राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, ऊर्जा विभाग, जल संसाधन विभाग तथा उद्योग विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की जाएगी . संयुक्त आयुक्त विकास वीरेन्द्र पटेल ने सभी संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है .

कोषालय में लगेगा दो दिवसीय शिविर

रीवा, वित्त कोष एवं लेखा विभाग में समस्त कार्य आईएफएमआईएस पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है . पोर्टल के नवीन प्रावधानों की जानकारी देने तथा इसके संचालन में आ रही कठिनाईयों को दूर करने के लिए जिला कोषालय रीवा में 16 और 17 जुलाई को दो दिवसीय आईएफएमआईएस केयर शिविर लगाया जा रहा है . जिला कोषालय अधिकारी पुष्पेन्द्र शुक्ला ने इस संबंध में बताया कि इस दो दिवसीय शिविर में तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा पोर्टल के संबंध में जानकारी दी जाएगी तथा समस्याओं का निराकरण किया जाएगा . सभी आहरण संवितरण अधिकारी अपने लेखापाल के साथ शिविर में शामिल होकर लाभ उठा सकते हैं .

दुकानदारों का काटा गया चालान

रीवा, निगम आयुक्त अक्षत जैन के निर्देशानुसार नगर निगम रीवा की स्वच्छता टीम द्वारा शहर में सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई . इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 8 स्थित नीम चैराहे पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाते हुए स्पॉट फाइन की कार्रवाई की गई . स्वच्छता टीम द्वारा आसपास के क्षेत्रों का भ्रमण किया गया . भ्रमण के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने, नालियों में अपशिष्ट डालने तथा सड़क किनारे गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई . इस दौरान कुल रूपये 9,000 की स्पॉट फाइन राशि वसूल की गई . नगर निगम द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे शहर की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें, अपनी दुकानों में समुचित रूप से डस्टबिन का उपयोग करें तथा सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फैलाएँ . नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी . कार्रवाई के दौरान स्वच्छता निरीक्षक महादेव राठौर वार्ड दरोगा, आई ई सी हेड विवेक परमार, टीम लीडर अवनीश शुक्ला एवं अतिक्रमण अमला उपस्थित रहा .

पांच साल से फरार 5 हजार का ईनामी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

रीवा, 13 जुलाई, रीवा की गढ थाना पुलिस नें 5 साल से फरार चल रहे 5 हजार के ईनामी आरोपी को गिरफतार किया है. पुलिस के मुताबिक आरोपी पर 5 वर्स पूर्व एनडीपीएस का केस दर्ज हुआ था जो लगातार फरार चल रहा था.

आरोपी पर पुलिस अधीक्षक रीवा के द्वारा 5 हजार का ईनाम भी घोसित किया गया था. बताया गया कि आरोपी रविवार को अपने गांव आया था, तभी मुखबिर से सूचना मिलते ही पुलिस नें उसे घर से गिरफतार कर लिया. थाना प्रभारी अवनीश पाण्डेय नें जानकारी देते हुये बताया कि वर्ष 2021 में गढ पुलिस द्वारा एक गाडी में 12 पेटी नशीली कफ सीरप की खेप बरामद की थी. मामले में दो आरोपी गिरफतार किये गए थे, जबकि मुख्य आरोपी मनीष पटेल पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था जो बीते 5 सालों से फरार था. आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है जिसे न्यायालय में पेश किया जाएगा.

अधिकारी कल तक विभाग की ए ग्रेडिंग प्राप्त करें : मेहताब सिंह

नवभारत न्यूज

रीवा, 13 जुलाई, कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की.

श्री गुर्जर ने कहा कि सभी अधिकारी संतुष्टिपूर्वक सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण कराकर विभाग की रैंकिंग सुधारें. लंबित प्रकरणों का दो दिन में निराकरण कराकर सभी अधिकारी कम से कम 80 वेटेज स्कोर प्राप्त करें. वन विभाग, राजस्व विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, ऊर्जा विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, गृह विभाग तथा नगरीय निकायों में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं. इनका विशेष प्रयास करके निराकरण कराएं. सभी एसडीएम विकासखण्ड स्तर पर शिविर लगाकर प्रकरणों का निराकरण कराएं. जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, श्रम विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग के आवेदनों का निराकरण कराएं. बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जून माह के आवेदनों तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित आवेदनों का निराकरण कराकर 15 जुलाई तक विभाग को ए ग्रेडिंग तक पहुंचाएं. बैठक में अधिकारीगण मौजूद रहे.

महापौर की मौजूदगी में निर्माण कार्यों का भूमि पूजन

नवभारत न्यूज

रीवा, 13 जुलाई, नगर निगम वार्ड क्रमांक 15 में स्थित रतहरा एवं रतहरी स्कूल में लगभग रुपये 39.31 लाख की लागत से बाउंड्रीवॉल निर्माण, पेवर ब्लॉक निर्माण एवं स्कूल भवन मरम्मत कार्य का भूमिपूजन महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' की उपस्थिति में किया गया.

रतहरी स्कूल में वरिष्ठ प्रधानाध्यापक डॉ. उमेश पटेल तथा रतहरा स्कूल में संजय तिवारी ने नारियल फोड़कर भूमिपूजन संपन्न कराया. महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' ने कहा कि इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्राप्त होगा. उन्होंने कहा कि नगर पालिक निगम रीवा शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण अधोसंरचना विकसित करने तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है. इस दौरान वार्ड पार्षद श्रीमती नीतू पटेल, अशोक पटेल 'झब्बू', उपयंत्री शुभम तिवारी, समयपाल केशव पटेल, रामलला यादव, श्रीमती संध्या स्वर्णकार, नीरेंद्र सिंह, पंकज सिंह, संजय चन्दना, श्रीमती अलका वर्मा, श्रीमती सुनीता तिवारी मौजूद रही.

कोल गढ़ी निर्माण में घटिया निर्माण का पूर्व विधायक ने लगाया आरोप

नवभारत न्यूज

रीवा, 13 जुलाई, जिले के त्योंथर विधानसभा के पूर्व भाजपा विधायक श्याम लाल दुवेदी ने त्योंथर कोल गढ़ी में करोड़ों रुपए की लागत से चल रहे जीर्णोद्धार निर्माण कार्य का निरीक्षण किया.

इस दौरान ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे घटिया स्तर के निर्माण कार्य का खुला विरोध करते हुए रीवा कलेक्टर से निर्माण कार्य का निरीक्षण कर ठेकेदार पर कार्रवाई करने की मांग की. पूर्व विधायक का आरोप है कि निर्माण एजेंसी द्वारा बेहद ही घटिया स्तर की गिट्टी टमस नदी का बालू एवं गुणवत्ताहीन सामग्रीयों का उपयोग किया जा रहा है. रीवा कलेक्टर से जल्द निरीक्षण की मांग की है. पूर्व विधायक का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा ना तो निर्माण कार्य की लागत का सूचना पटल लगाया गया है और ना ही किस विभाग द्वारा जीर्णोद्धार कराया जा रहा है इसका कोई सूचना बोर्ड नही लगाया गया है.

सिविल लाइन थाने के सामने युवक को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

नवभारत न्यूज

रीवा, 13 जुलाई, रीवा के सिविल लाइन थाने के ठीक सामने दिनदहाड़े एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है. हालांकि मारपीट की घटना के कुछ ही देर बाद पहुंची सिविल लाइन पुलिस ने मामले को शांत कराया और मार खा रहे युवक को थाने लेकर आ गई.

यह पूरा मामला पैसे के लेनदेन का बताया गया है जहां मारपीट में घायल युवक व उनके साथियों ने बताया कि सौरभ पांडेय नाम के लड़के ने उनसे कर्ज के तौर पर पैसे लिए थे जिसमें से कुछ पैसे लौटा दिए कुछ अभी बाकी था. इस पैसे की मांग करने पर बार-बार टालमटोल किया जाता था. जब पीड़ित अपने निजी काम से सिविल लाइन थाने के बाहर सड़क के किनारे अपने साथी के साथ खड़ा था तभी दो लोग आते हैं और उन पर लात घूंसों से मारपीट शुरू कर देते हैं . पुलिस की मौजूदगी के बावजूद थाने के बाहर काफी देर तक हंगामा और हाई-वोल्टेज ड्रामा चलता रहा यहां तक कि पुलिस कर्मियों सामने भी युवक के साथ मारपीट करते रहे. पूरी घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. पीड़ित युवक शिवम द्विवेदी के मुताबिक यह पूरा विवाद पैसे के लेन-देन को लेकर शुरू हुआ था. बताया गया है कि करीब डेढ़ साल पहले लगभग 1 लाख का लेन-देन किया था. शिवम के भाई ने बताया कि सौरभ पांडे ने इंदौर और रीवा में कई लोगों से अपनी मां की बीमारी और अन्य तरीकों से लगभग लाखो रुपये ले रखे हैं. पीड़ित शिवम द्विवेदी ने बताया कि जब पैसे की बात को लेकर सौरभ पांडे के पिता ने उन्हें थाने चलने को कहा, तो वे सिविल लाइन थाने पहुंचे. लेकिन जैसे ही वे थाने के बाहर आए, सौरभ पांडे, उसके पिता और उनके साथ मौजूद दो अन्य लोगों ने शिवम को घेर लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी. पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया. दोनो पक्षों को थाने लेकर पहुंची.

गोविंदगढ़ तालाब में मिली हाथ कटी लाश, मगर के हमले की आशंका

नवभारत न्यूज

रीवा, 13 जुलाई, गोविंदगढ तालाब में हाथ कटी लाश मिलने से हडकंप मच गया. मछवारों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकाला है.

मृतक कौन है कहा का है और वह तालाब में कैसे पहुंचा यह साफ नहीं हो सका है. फिलहाल पुलिस को मौके पर म्रतक के कपडे मिले है. आशंका जताई जा रही है कि मृतक तालाब में नहाने उतरा होगा तभी मगर ने ने उस पर हमला कर दिया. पुलिस नें फिलहाल शव को कब्जे में ले लिया है और उसकी पहचान करने का प्रयास कर रही है. घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक आज सुबह स्थानीय लोग सहित मछवारों ने गोविंदगढ तालाब के किनारे अज्ञात व्यक्ति का शव तैरता हुआ देखा. सूचना मिलत ही पहुंची गोविंदगढ थाना पुलिस नें शव को तालाब से निकलवाकर पीएम के लिये अस्पताल भेज दिया है. हालांकि घटना कैसे और किन परिस्थितियों में हुई यह साफ नहीं हो सका है, लेकिन मृतक के शरीर से एक हाथ गायब है. वही घटना को लेकर तरह तरह की आशंका जताई जा रही है जिसमें नहाते वक्त डूबने या मगर के हमले की आशंका शामिल है. पुलिस म्रतक की पहचान करने का प्रयास कर रही है.

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की समुचित व्यवस्था करें

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई . बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने कहा कि सभी नगरीय निकाय, जनपद पंचायत तथा ग्राम पंचायतें ठोस कचरे के निपटान के लिए समुचित व्यवस्था करें . नगरीय निकाय घरों और सार्वजनिक स्थलों से गीला कचरा, सूखा कचरा तथा अन्य कचरे का अलग-अलग संग्रहण करके उसे पहड़िया कचरा प्लांट भेजकर निपटान कराएं . सभी कार्यालयों में भी अलग-अलग डस्टबिन रखकर सूखे और गीले कचरे का अलग-अलग संग्रहण कराएं .

तहसील का घेराव 16 को

रीवा, 13 जुलाई, भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) द्वारा किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर 'सेमरिया चलो, सेमरिया चलो, सेमरिया चलो' का आह्वान किया गया है. भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के नेतृत्व में 16 जुलाई को प्रात: 11:00 बजे तहसील प्रांगण, सेमरिया में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन एवं तहसील घेराव किया जाएगा.

बुजुर्ग महिला के घर में लाखों की चोरी

नवभारत न्यूज

रीवा, 13 जुलाई, बैकुण्ठपुर में चोरो नें एक बुजुर्ग महिला के घर में धावा बोलते हुये चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है.

चोर घर में रखी संदूके उठाकर ले गए, जो आज सुबह खेत में खाली पडी मिली है, जबकि उसमें रखे सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी रूपए गायब मिले. पीडित बुजुर्ग महिला के पुत्र की मांने तो चोरी गए सामान की कीमत 10 से 11 लाख रूपए है. फिलहाल मामले की शिकायत थाने में दर्ज करा दी गई है. दरअसल चोरी का यह मामला बैकुण्ठपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खम्हरिया की है. घटना के संबंध में ग्राम खम्हरिया निवासी बब्लू तिवारी नें जानकारी देते हुये बताया कि बीती रात घर में घुसे अज्ञात चोरों ने उनकी मां के कमरे में रखी संदूके उठाकर ले गए. घटना की जानकारी आज सुबह तब हुई जब घर से गायब संदूके घर के ही समीप खेत में पडी मिली. पीडित की मांने तो संदूक में उसकी मां के सोने चांदी के जेवरात और नगदी रूपए रखे थे. फिलहाल पीडित नें बैकुण्ठपुर थाने पहुंचकर चोरी की शिकायत दर्ज करा दी है.